**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

# राज्यपाल ने डाॅ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 23 जून, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज डाॅ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर डाॅ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) प्रागंण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, मंत्री श्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री डाॅ0 महेन्द्र सिंह, महापौर डाॅ0 संयुक्ता भाटिया सहित अन्य अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।
राज्यपाल ने कहा कि डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन प्रेरणामयी था। महज 33 वर्ष की आयु में वे कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने थे, जो अपने आप में एक उदाहरण है। महात्मा गांधी के सुझाव पर आजादी के बाद प्रथम केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में कोलकाता से डाॅ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा महाराष्ट्र से बाबासाहेब डाॅ0 आंबेडकर को स्थान दिया गया। पाकिस्तान और कश्मीर को लेकर वैचारिक मतभेद होने के कारण उन्होंने मंत्रिमण्डल से त्याग पत्र दे दिया तथा भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उनके द्वारा रोपा गया पौधा आज वट वृक्ष बन गया है। लोगों की उपेक्षा के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबका विश्वास की जो बात कही है वह महत्व की है। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर सबका विकास करना ही डाॅ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (216/32)




डॉ0
मुखर्जी